# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ जिला झुन्झुनू
## पीठासीन अधिकारी श्री इन्द्राज सिंह (आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र संख्या 05/2020

रामेश्वर पुत्र श्री सुरजाराम जाति जाट निवासी डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू
मोबाईल नम्बर 9866981711

–प्रार्थीया

बनाम

1. इन्द्राज पुत्र श्री झावर राम जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
2. उत्सव पुत्र रामनिवास जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
3. सुमित पुत्र रामनिवास जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
4. समुनदेवी पत्नी रामनिवास जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
5. कमला पुत्री झावर जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
6. केशर पुत्र झावर जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
7. पार्वती पुत्री झावर जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
8. सत्येन्द पुत्र झावर जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
9. महावीर पुत्र मोहनजाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुन
10. श्रवणी देवी पुत्री मोहन जाति जाट निवासीगण डूमरा खुद की ढाणी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू।
11. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार (भूमिधारक) नवलगढ जिला झुन्झुनू।

–अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अं.धारा 111, 128 रा0भू0राज0 अधि0
पत्थरगड्डी करवाने बाबत।

निर्णय

निर्णय दिनांक 15–10–2020

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम डूमरा खुद की ढाणी का स्थाई निवासी है तथा ग्राम डूमरा की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, ख0न0 990 रकबा 0.05 हैक्टर स्थित है जो प्रार्थी की खातेदारी की भूमि है। प्रार्थी की खातेदारी की भूमि के पूर्व दिशा में अनावेदकगण नम्बर 01 लगायत 08 की खाता संख्या 17 खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 1004 रकबा 0.15 हैक्टर, खसरा नम्बर 930 रकबा 1.07 हैक्टर स्थित है व अनावेदकगण नम्बर 09 व 10 की खाता संख्या 319 की खातेदारी की भूमि 1003 रकबा 0.16 हैक्टर खसरा नम्बर 931 रकबा 1.69 हैक्टर उक्त खातेदारी की भूमि की सीमा पर प्रार्थी की खातेदारी की भूमि स्थित है।

प्रार्थी अपनी जमीन खसरा 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर स्थित है पर काबिज है तथा प्रार्थी की भूमि के पड़ौस में अनावेदकगण की भूमि की सीमा स्थित है जो आये दिन क्षति पहुंचाते है, सीमा को काटते है, सीमा को लेकर आये दिन विवाद करते है जिससे मौके पर शांति भंग होने का अंदेशा उत्पन्न हो गया है। प्रार्थी अकेला है तथा कानून में विश्वास रखने वाला आदमी है जबकि अप्रार्थीगण संख्या में ज्यादा है जो प्रार्थी की भूमि को नाजायज तरीके से हडपना चाहते है इसलिए प्रार्थी ने अपनी भूमि की सुरक्षा हेतु भूमि खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर की पत्थरगड्डी करवाना चाहता है।

प्रार्थी ने अपनी भूमि खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर के कब्जे काश्त के अनुसार सीमाज्ञान दिनांक 26.06.2020 को करवा चुका है सीमाज्ञान की सत्यप्रतिलिपि प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। सीमाज्ञान के मुताबिक अनावेदक नम्बर 01 लगायत 10 ने अपनी खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 1004 व 1003 की सीमा को तोडकर प्रार्थी की खातेदारी की भूमि में 3/15 मीटर भूमि की सीमा को

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ

Scanned by CamScanner

तोड–फोड कर दी है जो नजरी नक्शा में बिन्दु ''सी'' से ''बी'' 3 मीटर व बिन्दु ''ए'' से ''बी'' 15 मीटर है। प्रार्थी के खेत खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर की सीमाओं पर पत्थरगड्डी करवाना चाहता है। इसलिए सीमाज्ञान के अनुसार पत्थरगड्डी किये जाने का आदेश प्रदान करे ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई परेशानी नही हो। फरीकेन व भूमि श्रीमान के क्षेत्राधिकार में होने के कारण श्रीमान के न्यायायल हाजा में पेश किया है जिसको सुनने का श्रीमान के क्षेत्राधिकार में होने से पेश किया गया है।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम प्रस्तुत कर अनुतोष के संबंध में निवेदन किया गया कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर की फर्द मौका दिनांक 16.06.2020 के अनुसार अपनी सीमाओं पर सीमाज्ञान के अनुसार पत्थरगढी करवाये जाने का आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज पंजिका किया जाकर तलबी अप्रार्थीगण की गई। अप्रार्थीगण बावजूद नोटिस तामील के उपस्थित नही होने के कारण इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। अतः बहस वकील प्रार्थी सुनी जाकर पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया। ग्राम डूमरा की नकल जमाबंदी सम्वत् 2075–2078 के अनुसार भूमि 1002, 990, 1004, 930, 1003, 931 की खातेदारी आवेदक एवं अनावेदकगण संख्या 1 लगायत 10 जाति जाट सा.देह खातेदार दर्ज रिकार्ड है। जिसका सीमाज्ञान नियमानुसार पटवारी हल्का डूमरा से दिनांक 16.06.2020 को करवाया गया तथा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगड्डी करवाये जाने का निवेदन किया गया है। प्रार्थी अपनी खातेदारी की भूमि में पत्थरगड्डी करवाने का अधिकार है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायोचित होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पत्थरगड्डी का स्वीकार किया जाता है।

## आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पत्थरगड्डी स्वीकार किया जाता है। ग्राम डूमरा की खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 1002 रकबा 1.09 हैक्टर, खसरा नम्बर 990 रकबा 0.05 हैक्टर की फर्द मौका दिनांक 16.06.2020 के अनुसार अपनी सीमाओं पर सीमाज्ञान के अनुसार नियमानुसार शुल्क राजकोष जमा करवाये जाकर पत्थगड्डी करवाये जाने बाबत तहसीलदार नवलगढ को आदेशित किया जाता है। तहसीलदार नवलगढ को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील कार्यवाही जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 15–10–2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

15/10/2020

( इन्द्राज सिंह )
उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ

Scanned by CamScanner